UNNAO POLICE

प्रेस नोट - दिनांक 05.03.2025

थाना अचलगंज जनपद उन्नाव।

दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अचलगंज पुलिस द्वारा दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

- **संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 15.01.2025 को थाना अचलगंज पर मु0अ0सं- 15/25 धारा 74,333, 351(3), 352 बीएनएस, 7/8 पाक्सो एक्ट व 3(2)V(a) SC/ST Act बनाम शिवम यादव पुत्र राजकुमार उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम रायपुर सातन मजरा जमेल थाना अचलगंज जनपद उन्नाव पंजीकृत किया गया। मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित पीड़िता के बयान व मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 64 बीएनएस व ¾ पाक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई। आज दिनांक 05.03.2025 को उ0नि0 श्री लक्ष्मीनारायण द्विवेदी मय हमराह का0 विमल कुमार थाना अचलगंज द्वारा मुकदमा उपरोक्त से वांछित अभियुक्त शिवम उपरोक्त को भारत गैंस एजेन्सी रायपुर सातन से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

शिवम यादव पुत्र राजकुमार उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम रायपुर सातन मजरे जमेल थाना अचलगंज उन्नाव।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 लक्ष्मीनारायण द्विवेदी
2. का0 विमल कुमार

UNNAO POLICE

प्रेस नोट - दिनांक 05.03.2025

थाना साइबर क्राइम, जनपद उन्नाव।

साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु उन्नाव पुलिस द्वारा सैंट ज्यूस इंटर कॉलेज पीताम्बर नगर उन्नाव में कार्यशाला का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध एवं उनके बचाव प्रति जागरूक किया गया।

आज दिनांक 05.03.2025 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय उन्नाव की अध्यक्षता एवं अमर उजाला फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में सैंट ज्यूस इंटर कॉलेज पीताम्बर नगर उन्नाव में डिजिटल अरेस्टिंग, साइबर क्राइम और साइबर सुरक्षा, आर्टीफिसियल इंटेलिजेंस पर आधारित अपराधों के संदर्भ में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में श्री दीपक भूकर पुलिस अधीक्षक महोदय उन्नाव द्वारा साइबर अपराधों की पहचान, धोखाधड़ी से बचने के उपायों, सतर्कता और जागरूकता की भूमिका, सुरक्षित प्रमाणीकरण के महत्व और संदिग्ध गतिविधियों की रिपोर्टिंग की प्रक्रिया पर जानकारी साझा की गयी। महोदय द्वारा अपने वक्तव्य में कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाओं की जनपद में काफी जरूरत है। दिन प्रतिदिन हम यह देख रहे है कि साइबर क्राइम बढ़ते जा रहे है और विशेष रूप से फोन के माध्यम से लालच जैसी योजनाओं के बारे में बताकर साइबर क्राइम अधिक फैल रहा है। इनके बारे में जागरूक होने की जरूरत है। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं आम जनमानस को डिजिटल युग में साइबर अपराधों, उनसे बचाव के उपायों और उनसे संबंधित कानूनी पहलुओं के प्रति जागरूक करना है। साइबर क्राइम थाना की टीम द्वारा साइबर क्राइम में किस प्रकार से लोग शिकार बनते हैं,साइबर क्राइम से बचने के उपाय, साइबर क्राइम हो जाने पर तत्काल किये जाने वाले उपाय, साइबर क्राइम से सम्बन्धित हेल्पलाईन नम्बर व वेबसाइट, सोशल मीडिया पर किस प्रकार से अपराधी शिकार बनाते हैं, सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय बरती जाने वाली सावधानियां, सोशल मीडिया पर साइबर क्राइम का शिकार हो जाने पर तत्काल किये जाने वाले उपाय के संदर्भ में विस्तृत जानकारी सभी छात्र छात्राओं को दी गई। इसके साथ ही पुलिस प्रशासन से सम्बन्धित हेल्पलाइन नम्बर की जानकारी, किसी भी प्रकार की फेक न्यूज व्हाट्सएप या सोशल मीडिया से प्राप्त होने पर कैसे रिपोर्ट करें व कैसे फैक्ट चेक करने हेतु प्रशासन के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर विवरण साझा करें, मोबाइल फोन इस्तेमाल करते समय क्या-क्या

सावधानियाँ बरती जाये जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गयी व छात्रों द्वारा साइबर के सम्बन्ध में पूछे जाने वाले सवालों को सहजता से समझ कर उनके जवाब दिये गये । कॉलेज के स्टाफ को भी साइबर क्राइम के बारें में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।। छात्र-छात्राओं को सतर्कता और जागरूकता के महत्व पर जोर दिया गया। साथ ही साइबर हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली और साइबर पुलिस से संपर्क करने की प्रक्रिया पर चर्चा की। ऑनलाइन धोखाधड़ी के नए तरीकों और उनसे बचाव के तरीकों पर विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही सोशल मीडिया के प्रयोग में बरती जाने वाली सावधानियाँ, साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया का सही उपयोग, आर्टीफिसियल इंटेलिजेंस आधारित अपराध , डिजिटल अरेस्ट , सी0ई0आई0आर0 पोर्टल, टू स्टेप वैरिफिकेशन के बारे में बताया गया, कार्यशाला में कॉलेज के सभी छात्र-छात्राओं ने भी इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी को साइबर अपराध से बचाव के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर लिखित नोट वितरित किया गया। कार्यशाला में प्र0नि0 यातायात द्वारा सभी छात्र छात्राओं को यातायात नियमों के संबन्ध मे जागरुक किया गया तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समन्वयन डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति द्वारा किया गया।

उक्त कार्यशाला में सैंट ज्यूस इंटर कॉलेज के डायरेक्टर फहद अली जी, प्रिंसिपल सुभ्रा घोषाल जी, मैनेजर योगेश जी व डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति, पुलिस टीम से प्र0नि0 यातायात श्री भुवन सिंह मौर्य, साइबर थाना प्र0नि0 श्री ज्ञानप्रकाश तिवारी, उ0नि0 श्री कमल किशोर दुबे, हे0का0 तरुण कुमार,हे0का0 प्रवीण कुमार, का0शमसुद्दीन,का0 गोपाल द्विवेदी व म0का0 श्रुती मिश्रा, म0का0 कुंती अग्रवाल उपस्थित रहीं।

अमर उजाला
पुलिस की पाठशाला

अमर उजाला
पुलिस की पाठशाला

अमर उजाला
कानून का सम्मान
आसान
पुलिस की पाठशाला